प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का किया उद्घाटन : कहा— भारत सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए उठाएगा हर कदम।
2. लखनऊ की स्पेशल एनआईए एटीएस— कोर्ट ने आज अवैध धर्मान्तरण मामले में 16 दोषियों को सुनाई सजा : 12 को उम्र कद और चार को हुई दस—दस साल की सजा।
3. गोंडा, औरेया और चंदौली समेत प्रदेश को पांच और मेडिकल कॉलेजों की मिली सौगात : राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद ने दी मंजूरी।

और

4. मथुरा के बरसाना समेत समूचे ब्रज मंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा राधाष्टमी का पर्व : राधारानी के दर्शन को उमड़ लाखों श्रद्धालु।

——————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह सिलिकॉन कूटनीति का युग है और भारत सेमोकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए हर कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार देश में चिप उत्पादन की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि हर डिवाइस को भारत में निर्मित चिप से लैस

किया जा सके। प्रधानमंत्री ने आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। बाइट.....

*भारत चिप का एक बहुत बड़ा कंज्यूमर है। इसी चिप पर हमने दुनिया का सबसे बेहतरीन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्ट किया है। भारत का यूपीआई हो, रुपे कार्ड हो, भारत के लोगों की रोजमर्रा की जिदंगी का हिस्सा बन गए हैं।*

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बाइट....

*भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने के लिए 50 प्रतिशत सपोर्ट भारत सरकार दे रही है। भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपीस से ज्यादा के इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में भारत में हो चुके हैं।*

प्रधानमंत्री ने डिजिटल इंडिया पहल की सफलता पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि देश इसके गुणक प्रभाव को देख रहा है। उन्होंने कहा कि पहले देश मोबाइल फोन का आयात करता था, लेकिन अब यह मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक बन चुका है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति–2024 लागू की गई है। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश ने टॉप अचीवर स्टेट का दर्जा हासिल किया है। बाइट........

*प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाये गये है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में प्रदेश ने लगातार टॉप ऐचीवर*

*का दर्जा हासिल किया है। ऐसी कंडक्टर आईटीआईएएस डाटा सेन्टर इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग डिफेंस एंड एरिया स्पेश, इलेक्ट्रानिक विकले, वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक एमी–सेमी, टेक्सटाइल्स व टूरिज्म आदि से संबंधित 27 सेक्ट्रोरियल पोलसिंज वर्तमान में प्रदेश में लागू है। उद्यमियों की सुविधा के लिये टेक्टनोलॉजी का अधिक से अधिक उपयोग हो, तो इसके लिये सिंघल विंडो निवेश मित्र के माध्यम से 450 से अधिक ऑन लाइन सेवाएं संचालित की जा रही है।*

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने डिजिटल इंडिया और दूरसंचार मिशन के माध्यम से नागरिकों के हाथों में प्रौद्योगिकी पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर उद्योग का विकास इस दृष्टिकोण को और मजबूत करेगा। इस सम्मेलन में 250 से अधिक प्रदर्शक और 150 वक्ता भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में आज वर्क फोर्स डेवलपमेंट पवेलियन का उद्घाटन भी किया।

—————————

लखनऊ की स्पेशल एनआईए–एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने आज अवैध धर्मान्तरण के मामले में मौलाना उमर गौतम, मौलाना कलीम सिद्दीकी समेत 12 दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अन्य चार दोषियों को दस–दस साल की सजा सुनाते हुए जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में गैर मुस्लिम मूक बधिर, महिलाओं, बच्चों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नौकरी और रुपयों

का प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने के मामले में सभी 16 अभियुक्तों को कल दोषी करार दिया था। यूपी एटीएस ने सबसे पहले जून 2021 में अवैध धर्मांतरण मामले में एफआईआर दर्ज की थी।

——————

उत्तर प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी मिल गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की शीर्ष निकाय संस्था राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद में दायर अपील मंजूर होने के बाद गोंडा, औरैया, चंदौली, कौशांबी, लखीमपुर खीरी में 100– 100 सीट के मेडिकल कॉलेज खुलने का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा ललितपुर और कानपुर देहात को 50–50 सीटों में बढ़ोत्तरी की अनुमति मिली है। प्रदेश के 13 नए मेडिकल कॉलेजों ने मान्यता के लिए इसी साल आवेदन किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद इसको लेकर पहल की थी और केंद्रोय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी बातचीत की थी। एक साल के भीतर उत्तर प्रदेश में 1200 अतिरिक्त मेडिकल सीट जुड़ी हैं।

——————

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड ने आज आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी। अभ्यर्थी उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट यूपीपीबीपीबी डॉट जीओवी डॉट आईएन पर देख सकते हैं। साथ ही प्रश्नपत्र और उत्तर कुंजी के संबंध में आपत्ति 19

सितंबर तक वेबसाइट पर दी गई समय सारिणी के अनुसार दर्ज करा सकते हैं। आरक्षी नागरिक परीक्षा अगस्त माह के 23, 24, 25 और 30, 31 तारीख को आयोजित की गई थी।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नगर विकास विभाग 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान चलाएगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155वे जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत समस्त नगरीय निकायों में 155 घंटे का नॉन–स्टॉप सफाई अभियान चलाया जाएगा। 15 दिवसीय अभियान के दौरान रोजाना अलग–अलग थीम पर आईईसी गतिविधियां होंगी।

————————

बहराइच में कल रात भेड़िये ने महसी तहसील क्षेत्र के दो गांवों में हमला कर दो बच्चियों को घायल कर दिया था। बहराइच में छह भेड़ियों के झुंड का यह आखिरी भेड़िया है, जो अभी तक पकड़ा नहीं गया है। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि भेड़िये को पकड़ने के लिए जाल और पिंजड़ा लगाया गया है, जल्द उसे पकड़ लिया जाएगा।

——————

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 1 सितंबर से 30 सितंबर तक 7वां राष्ट्रीय पोषण माह मना रहा है। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर पोषण परिणामों में सुधार करना और व्यवहार में बदलाव के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके तहत आकांक्षी जनपद बलरामपुर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

*आकांक्षी जनपदों में शामिल बलरामपुर में राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत भारत नेपाल सीमावर्ती गांव चंदनपुर में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, रसद और पंचायती राज सहित अन्य विभाग के सहयोग से की। चंदनपुर में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जानकारी देते हुए कुपोषण से दूर हुए बच्चों के माता–पिता को सम्मानित भी किया। जिले के सभी विकास खंडों में ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और विभिन्न विभागों के सहयोग से ग्राम चौपाल के माध्यम से धात्री महिलाओं और बच्चों को पोषण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि कोई भी बच्चा जन्म से कुपोषित न हो, इसके लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।*

*रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार, बलरामपुर।*

—————————

मथुरा के बरसाना समेत समूचे ब्रज मंडल में आज राधा रानी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। बरसाना में ब्रह्म मुहूर्त में श्री राधा रानी का 11 कुंतल पंचामृत से महाभिषेक किया गया। इसके बाद राधाजी को नई पोषाक धारण करा विशेष श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समेत पूरे क्षेत्र मं सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने मेला परिसर में तैयारियों का जायजा लिया।

—————————

लखनऊ में चल रहे 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर 2024 के तीसरे दिन रेसलिंग पुरूष वर्ग के 75 किलोग्राम श्रेणी के मुकाबल में यूपी पुलिस के राहुल कुमार ने गोल्ड मेडल जीता है। वहीं एसएसबी के धीरज दास को 70 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल मिला है।

—————————

प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत हमीरपुर, पीलीभीत, बरेली, बदायूं, मथुरा और कई अन्य जनपदों में बीते 24 घंटों में मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश के कई जनपदों में अगले दो दिनों तक रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विभाग ने रामपुर, मुरादाबाद, बरेली,

शाहजहांपुर, बिजनौर और फर्रूखाबाद के लिये बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इन जनपदों में कल भारी बारिश हो सकती है।

(समाप्त)